दिन—बुधवार दिनांक— 29 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **खालिद रशीद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आखिरी दौर में पहुंच गया है। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कल शाम प्रचार का शोर थम जाएगा। मतदान एक जून को होना है। प्रचार के आखिरी दौर में एनडीए और महागठबंधन समेत अन्य दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारकों ने पूरी ताकत लगा दी है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज काराकाट संसदीय क्षेत्र के बिक्रमगंज में एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री सिंह के बक्सर और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों में भी चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सासाराम संसदीय क्षेत्र के चेनारी में भाजपा प्रत्याशी शिवेसराम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, राजद प्रमुख लालू प्रसाद लगातार दूसरे दिन पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में अपनी अपनी पुत्री और राजद प्रत्याशी मीसा भारती के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सासाराम, काराकाट, बक्सर और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित कर रहे है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। भीषण गर्मी के कारण बेगूसराय जिले के मटिहानी स्थित अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय में इक्कीस बच्चे बेहोश हो गये जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनकौल मध्य विद्यालय में चेतना सत्र के दौरान सोलह बच्चे बेहोश होकर गिर गये। जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटना के घोसवरी प्रखंड अंतर्गत कुर्मीचक मध्य विद्यालय में भी छह बच्चे

अचानक बेहोश हो गए। औरंगाबाद, गया, रोहतास से भी बच्चों के बीमार होने की खबर प्राप्त हो रही है। इधर, मुंगेर के तारापुर में हरिजन टोला कमरगामा प्राइमरी स्कूल की एक शिक्षिका अत्यधिक गर्मी के कारण बेहोश हो गई। प्रचंड गर्मी के बीच स्कूलों को खूला रखने के शिक्षा विभाग के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में सरकार नाम की चीज नहीं है और अफसरशाही हावी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया जाना चाहिए। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी गर्मी के कारण बच्चों के बीमार पड़ने को गंभीर विषय बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर छुट्‌टी की घोषणा कर देनी चाहिए।

———————————————————————

राज्य के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी के प्रकोप से जन–जीवन अस्त–व्यस्त है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य, भागों में अधिकतर स्थानों पर पारा तैंतालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच गया। औरंगाबाद आज भी राज्य का सबसे गर्म स्थान है। जहाँ, अधिकतम पारा अड़तालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच गया है। इधर, राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी रिकॉर्ड गर्मी पड़ रही है। उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के अधिकतर भागों में इस सप्ताह गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान कई स्थानों पर लू चलने की आशंका है। जबकी कुछ स्थानों पर रात के समय में भी पारा बत्तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने की संभावना को लेकर गर्म रात्री का अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस वर्ष इंटरमीडिएट और मैट्रिक विशेष तथा कंपार्टमेंटल परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा में कुल उनसठ दशमलव छह आठ प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएक कंपार्टमेंटल परीक्षा में सत्तावन दशमलव आठ आठ प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। इधर, मैट्रिक विशेष परीक्षा में तीरसठ दशमलव सात दो प्रतिशत और मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा में पैंतीस दशमलव चार सात प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए है। इसके साथ ही बोर्ड ने संपूर्ण

परीक्षाचक्र पूरा कर लिया है और देश में सबसे पहले ये उपलब्धि हासिल करने वाला बोर्ड बन गया है।

———————————————————————

समस्तीपुर रेलमंडल के विभिन्न स्टेशनों पर चलाये गए मेगा टिकट जाँच अभियान के दौरान सात हजार से अधिक बिना टिकट यात्रा कर रहे लागोंको पकड़ा गया।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण के बगहा में छेदी चौक के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।